06 टॉपर शब्द आपको हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा...





07 कर की राशि से ही प्रदेश, जिला और नगर में ...




**खबर संक्षेप**

### टीम यामनी ने प्रियांशी को 242 रन से हराया

**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर पीपीसीए के तत्वावधान में इंटर हाउस लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में शनिवार को खेले गए एक तरफा मैच में टीम यामनी ने टीम प्रियांशी को 242 रन के विशाल अंतर से हराया। इस मैच में टीम यामनी की ओर से आदर्श राय ने मात्र 88 गेंद पर 21 चौकों, 16 छक्कों की मदद से 201 रन बनाए थे, वहीं उनके साथ खिलाड़ी अंश यादव ने 100 गेंद पर 108 रन की पारी खेली, इसमें 16 चौकों और दो छक्के लगाए थे। पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम यामनी ने निर्धारित 40 ओवर में सात विकेट खोकर 388 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसमें आदर्श राय ने 201 रन, अंश यादव ने 108 रन, अंश गावा-खुशी 14-14 रन के अलावा भविष्य त्यागी 10 रन बनाए थे। इधर टीम प्रियांशी की ओर से गेंदबाजी करते हुए वरुण शुक्ला ने तीन विकेट, अभिजीत ने दो विकेट और प्रियांशु ने एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम प्रियांशी की पूरी टीम 146 रन पर 23 ओवर में ढेर हो गई। इसमें विकास सास्ता ने 46 रन, वरुण शुक्ला ने 20 रन, अंशुल ने 15 रन, नमन ने 18 रन और रूपेश जायसवाल ने 14 रन बनाए थे। इसके अलावा टीम यामनी की ओर से विरेन्द्र ने तीन विकेट, आदर्श राय-मानस ने दो-दो विकेट और खुशी यादव, जय जाटव, तानिश्क ने एक-एक विकेट लिया। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि रविवार को टीम अंजली-टीम काव्या के मध्य मैच खेला जाएगा।

### भारत मां की आरती कर भारत की सुख-समृद्धि की कामना की गई



**सीहोर।** भारत-पाकिस्तान के बीच जंग चल रही थी, लेकिन शनिवार की शाम को सीजफायर हो गया। ऐसे में भारतीय सैनिकों का मनोबल बढ़ाने के लिए हर हिंदुस्तानी आगे रहा है। शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा और नपा अध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित क्षेत्रवासियों ने शहर के बस स्टैंड के पास टाउन हाल में स्थित भारत माता की प्रतिमा के समक्ष आस्था और उत्साह के साथ मां भारती की आरती कर देश की की सुख समृद्धि कामना की। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष मेवाड़ा और नपाध्यक्ष राठौर के अलावा नगर पालिका सीएमओ भूपेन्द्र दीक्षित सहित शहरवासियों के अलावा पार्षदों ने सर्व प्रथम यहां पर दीप प्रज्जवलित किए और आरती के बाद प्रसादी का वितरण किया। आरती के दौरान शहरवासियों ने कहाकि भारत इसी तरह दुश्मनों को नष्ट कर भारत का मान विश्व में कायम रखे। शनिवार को आयोजित भारत मां से भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए मंगल कामना की गई।

## सोंधिया राजपूत समाज का प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित

# सम्मेलन में 8 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे





हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

अखिल भारतीय सोंधिया राजपूत समाज का पहला आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन रविवार को आगर रोड बैंक ऑफ इण्डिया के समाने दरबार कृषि फॉर्म पर सम्पन हुआ। सामूहिक विवाह सम्मेलन में 8 जोड़े परिणय बंधन में बंधे। विवाह वैदिक पद्धति से पं. काशीराम आर्य, राजेश उपाध्याय ने संपन्न कराया। सोंधिया राजपूत समाज का आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन प्रातः 9 बजे चालू हुआ। सबसे पहले समाजजनों ने कार्यक्रम स्थल पर झंडा वंदन और पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुवात की। बारात आगमन के बाद 12 बजे कार्यक्रम सम्पन हुआ। कार्यक्रम में सुसनेर विधायक भेरू सिंह परिहार भी शामिल हुए। जहां उन्होंने वर वधु को आशीर्वाद दिया, साथ ही सभी वधु पक्ष को अपनी ओर से एक एक कुकर भी भेंट किया। विधायक परिहार ने कहा की 8 जोड़े 8 सौ के बरोबर हैं। कानड़ और आसपास क्षेत्र के समाजजनों ने प्रयास कर पहला



विवाह सम्मेलन करवाया, जो बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से आप सभी समिति के सदस्यों ने महनत की और सफल आयोजन किया। इससे अगले साल अधिक जोड़े होंगे मुझे विश्वास है।


सम्मेलन आयोजित समिति के सदस्य नगर परिषद सीएमओ शिव सिंह चौहान ने सभी जोड़ों को अपनी ओर एक मिक्सर भेंट किया। समाज के प्रतिष्ठित व्यवसायिक सत्यनारायण पड़ीहार गुरूखेड़ी ने सभी वधु पक्ष को अपनी ओर से मंडप मे मंगल सूत्र,चांदी की बिच्छूड़ी भेंट की गई। साथ ही दहेज के रूप में अन्य सामान भी समिति ने दिए। प्रथम सोंधिया राजपूत समाज के हुए विवाह सम्मेलन में सरदार सिंह राजाखेड़ी, तूफान सिंह सरसुरजनी, समाज के युवा संघठन के ज़िला अध्यक्ष जोरावर सिंह रत्ना खेड़ी,प्रधान सिंह उज्जैन,तेजू सिंह सूरजनी, देवेंद्र सिंह सिसोदिया कानड, मानसिह सनावदि, बालु सिंह परसुला, रघुनाथ सिंह आर्य, भगत सिंह, रामलाल सिह फावका, ईश्वरसिंह सूरजनी, विनोद, लखन सिंह इकलेरा, जितेंद्र सिंह, रामप्रसाद, कमल सोंधिया, महेश के अलावा ग्राम भड़का, अरनिया, रायपुरिया, सनावदी, नापाखेड़ा माधोपुर, देहरीपाल, बिजनाखेड़ी, सुरजनी, कबुली, फावका आदि ग्रामीण क्षेत्र के ग्रामीण जनों का सराहनीय सहयोग एवं योगदान रहा। आपको बता दें कि आगर, सुसनेर विधानसभा में निवासरत समाज जन ग्राम भड़का, परसुला, राजा खेड़ी, रायपुरिया, सनावदी फावका, बिजना खेड़ी, बुरलाय ओर अन्य गांव में निवासरत समाज जनों के प्रयास से पहला सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित हुआ। पहली बार नगर में हुए सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर समाज जनों में खासा उत्साह देखा गया। समाज के युवा वर्ग ने आगे आकर कार्य को सफल किया। सोंधिया राजपूत समाज के विवाह सम्मेलन में वरिष्ठ जन भी शामिल होंगे।

### चूरमा बाटी का लगाया जाएगा भोग

## भैरव पूर्णिमा पर सकलेचा गोत्रीय कुल भैरव का पूजन होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





भैरव पूर्णिमा पर नगर के सकलेचा गोत्रीय बंधुओं द्वारा अपने कुल भैरव का पूजन सामूहिक रूप से किया जाएगा। जिसमें नगर सहित अन्य स्थानों के सकलेचा बंधुओं द्वारा भी बड़ी संख्या में भाग लिया जाएगा। नगर में सकलेचा बंधुओं के हाजरा हुजूर कुल भैरवजी का देव स्थान पांड्या कॉलोनी में स्थित है, जहां पर प्रतिवर्ष दो बार सकलेचा बंधुओं द्वारा सामूहिक रूप से कुल भैरव देव की पूजा अर्चना की जाती है।

इस वर्ष 12 मई वैशाख पूर्णिमा के अवसर पर नलखेड़ा में सकलेचा बंधुओं द्वारा कुल भैरव की सामूहिक पूजन का आयोजन रखा गया है। कुल भैरवजी के पूजन के लिए सभी सकलेचा बंधु एवं महिलाएं सामूहिक रूप से ढोल ढमाको के साथ पूजन के लिए पांड्या कॉलोनी पहुंचेंगे इसके पूर्व बड़ा गणपति एवं वीर हनुमान जी के मंदिर पर पूजा अर्चना की जाएगी तत्पश्चात कुल भैरव देव की पूजन तथा कालाजी महाराज की पूजन का कार्यक्रम होगा। जिसमें उपस्थित सकलेचा बंघुओं द्वारा भैरव प्रतिमा के समक्ष चूरमा बाटी का भोग लगाया जाएगा। सकलेचा परिवार द्वारा अपने कुल भैरव के देवस्थान के साथ नगर से 1 किलोमीटर दूर स्थित कालाजी महाराज के देवस्थान पर पर बनाए गए नए कैंपस में पूर्णिमा की पूजन का कार्यक्रम होगा। पूजन उपरांत प्रसादी व भोजन का कार्यक्रम अशोककुमार पूनमचंद सकलेचा परिवार नलखेड़ा की ओर से जैन श्वेतांबर धर्मशाला में रखा गया है।

### हत्या की कोशिश करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**सीहोर।** हत्या के प्रयास के मामले में चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों से डंडा और कुल्हाड़ी बरामद की गई है। एसडीओपी रवि शर्मा ने बताया कि घटना 1 अप्रैल की है। नीमखेड़ा निवासी चंदन सिंह (41) की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। पुलिस ने मोगरा गांव से चौधरी परिवार के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनमें राहुल चौधरी (25), दिनेश चौधरी (45), राम भरोस चौधरी (48) और रमेश चौधरी (70) शामिल हैं। आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(3), 3(5), 109 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देश पर यह कार्रवाई अमल में लाई गई। एसडीओपी रवि शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रेहटी निरीक्षक राजेश कहारे के नेतृत्व में टीम ने आरोपियों को धर दबोचा।

## अमलाह टोल पर कार सवार युवकों ने जमकर मचाया उत्पात, मामला दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अमलाह टोल प्लाजा पर गुरुवार को कुछ लोगों ने जमकर उत्पात मचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शाम के समय एक काली स्कॉर्पियो कार में सवार कुछ युवक टोल प्लाजा पर पहुंचे और बिना टोल दिए आगे निकलने का प्रयास करने लगे। इस दौरान टोल कर्मचारियों ने उन्हें रोकने की कोशिश की, जिस पर युवकों ने कर्मचारियों से विवाद शुरू कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही अमलाह पुलिस चौकी प्रभारी तत्काल मौके पर पहुंचे और समझाइश देकर मामला शांत कराया। इसके बाद स्कॉर्पियो सवार युवक वहां से चले गए। लेकिन करीब एक घंटे बाद 50 से 60 युवक लाठी-डंडों से लैस होकर चार-पांच गाड़ियों में सवार होकर वापस टोल पर पहुंचे। वहां पहुंचते ही उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी और टोल कर्मचारियों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले से टोल प्लाजा पर अफरा-तफरी मच गई और कर्मचारी इधर-उधर भागने लगे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस की गाड़ी को देखते ही हमलावर युवक गाड़ियों में सवार होकर मौके से फरार हो गए। पुलिस के आने से कर्मचारियों की जान बच सकी। इस हमले में नीरज कुमार नामक टोल कर्मचारी चोट लगी है। पुलिस ने मेडिकल करवाकर घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जब्त कर ली है और फुटेज के आधार पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान कर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

## समर्थन पर खरीदीः किसानों के 58 करोड़ अटके, क्योंकि एकाउंट ही अपडेट नहीं हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी का काम खत्म हो चुका है। सभी 240 खरीदी केंद्रों पर 6 लाख 32 हजार 578 टन गेहूं खरीदा गया। अधिकांश किसानों को भी उनकी बेची उपज का भुगतान हो चुका है लेकिन अभी भी 3.5 फीसदी किसान ऐसे हैं जिनका भुगतान अटका हुआ है। इन किसानों को 58 करोड़ रुपए डाले जाना है लेकिन खास बात यह है कि इन किसानों के एकाउंट ही अपडेट नहीं हैं। इसके कारण इनका भुगतान नहीं हो पा रहा है।

इधर किसान बैंकों के चक्कर काट रहे हैं। इस बार गेहूं के लिए समर्थन मूल्य के लिए 240 खरीदी केंद्र बनाए गए थे। शुरू में जब खरीदी शुरू हुई थी तो करीब 50 केंद्र ही शुरू हुए थे लेकिन इसके बाद धीरे धीरे इनकी संख्या बढ़ती चली गई और फिर सभी 240 केंद्रों पर खरीदी होने लगी थी। इस बार 88 हजार 292 किसानों ने पंजीयन कराया था। इनमें से 72 हजार 95 किसानों ने अपनी उपज बेची थी। हालांकि 76488 किसानों ने स्लाट बुक किए थे लेकिन ये किसान उपज विक्रय करने नहीं आए थे।




खबर संक्षेप

## दो दिवसीय कुमार गंधर्व समारोह का शुभारम्भ



**देवास।** मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग के लिए उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी भोपाल द्वारा जिला प्रशासन एवं नगर पालिक निगम देवास के सहयोग से पण्डित कुमार गंधर्व की स्मृति में मल्हार स्मृति मंदिर देवास में आयोजित दो दिवसीय पण्डित कुमार गंधर्व समारोह का शनिवार को हुआ। समारोह के पहले दिन विख्यात संगीत कलाकार मंजरी आलेगांवकर पुणे द्वारा गायन, राजेन्द्र विश्वरूप ग्वालियर द्वारा सुरबहार, सुखदेव चतुर्वेदी मुम्बई द्वारा ध्रुपद गायन की प्रस्तुति दी गई। समारोह के शुभारंभ अवसर पर महापौर गीता अग्रवाल, दुर्गेश अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर संजीव सक्सेना, अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी से पूजा शुक्ला, डॉ पुनीत शुक्ला, संस्कृति विभाग अधिकारी,पण्डित कुमार गन्धर्व की पुत्री कलापनी कोमकली एवं श्रोतागण उपस्थित थे।

## फ्लाइंग आब्जेक्ट उड़ाना किया प्रतिबंधित

**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 अंतर्गत देवास जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा में ड्रोन, पैराग्लाईडर/हॉट बैलून अन्य फ्लाइंग आब्जेक्ट के उड़ने पर प्रतिबंध लगाकर रेड जोन/नो फ्लाइंग जोन घोषित किया है। आदेश में उल्लेख है कि शांति-कानून व्यवस्था तथा आमजन की सुरक्षा व सुविधा में संलग्न और शासकीय कर्तव्य पर उपस्थित एवं ड्यूटीरत पुलिसकर्मियों/पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों व जन संपर्क के लिए इन्हें आवश्यक वैधानिक छूट प्राप्त होगी।

### प्रदेश में 10वीं और 12वीं की कक्षाओं में जिले और संकुल में स्थान प्राप्त करने विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

# टॉपर शब्द आपको हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा देगा और हर प्रकार की कठिनाई में प्रोत्साहित करेगा: कलेक्टर






### प्रतिभा परिस्थिति की मोहताज नहीं होती, शिक्षा के माध्यम से हम जीवन में हर मुकाम हासिल कर सकते हैं: एसपी गेहलोद

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

प्रदेश में जिले के टॉपर एवं संकुल टॉपर 10वीं, 12वीं के टॉपर विद्यार्थियों का कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने सम्मान किया। सम्मान कार्यक्रम में जिला प्रशासन द्वारा 10वीं कक्षा में प्रदेश में छटा स्थान प्राप्त करने वाली उत्कृष्ट विद्यालय की छात्रा मुस्कान बबलु शेख और 12वीं(मैथ्स) कक्षा में प्रदेश में मैरिट में आने पर गर्ल्स हायर सेकंडरी सोनकच्छ की छात्रा सना अब्दूल अजीज खान को प्रमाण-पत्र और 25-25 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में जिला स्तर पर 10वीं और 12वीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले 18 छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र एवं 05-05 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। जिसमें 10वीं के छात्रा प्रतिक्षा पटेल, राजनन्दनी यादव, कशिका पटेल, प्रिया निगम और स्नेहा जाट तथा 12वीं की छात्रा तनिषा पांचाल, शिवानी नागर, हिमानी राठौर, अंशिका खरे, आकांक्षा सिंह, अंजलि विश्वकर्मा, दिया नागर, तमन्ना पटेल, स्मृति कचोले, रोशनी मालवीय, छात्र नीलेश गुर्जर, रोहित पटेल, रोहित यादव को प्रमाण-पत्र एवं 05-05 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने 10वीं और 12वीं बच्चों बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुझे इतने प्रतिभाशील बच्चों के बीच आकर बहुत गर्व महसुश कर रहा हूं। आप दूसरें बच्चों के लिए प्रेणाश्रोत बनेंगे। उन्होंने कहा कि टॉपर शब्द आपको हमेंशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा देगा और हर प्रकार की कठिनाई में प्रोत्साहित करेंगा कि में एक टॉपर हूं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम दूसरे बच्चों को प्रोत्साहित करेंगे।

आप सभी बहुत कड़ी मेहनत और संघर्ष कर इस मुकाम पर आये है। यह तो एक शुरूआत है। अभी और भी संघर्ष बाकी है, जब आप उच्च शिक्षा के लिए घर से बाहर जाते हैं एवं अन्य प्रदेश के बच्चों से प्रतिस्पर्धा करते हैं। जीवन में बहुत कठिनाईयां आयेंगी, बहुत सी असफलताएं भी आएंगी। उस समय आप को ये दिन याद आयेगा की किसी ने मुझे टॉपर कहा था। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने बच्चों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चों से इस प्रकार से मिलने का मौका बहुत कम ही मिलता है। उन्होंने बताया कि उन्हें भी 22 साल पहले कक्षा 8वीं में मैरिट में आने पर कलेक्टर महोदय द्वारा प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया था। वो पल आज भी मुझे याद है, उस पल की पेपर की कटिंग आज भी मेरे पेरेंटस ने सम्भाल कर रखी है। इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों को जीवन में और अच्छा करने के लिए प्रोत्साहित करते है। उन्होंने कहा कि मैं उत्कृष्ट विद्यालय के प्रथम बेच का विद्यार्थी रहा हूं। आज जिस मुकाम पर हूं, उसका पुरा श्रेय उत्कृष्ट विद्यालय को देता हूं। उत्कृष्ट विद्यालय से मुझे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं अनुशासन मिला है।

उन्होंने कहा कि प्रतिभा परिस्थिति की मोहताज नहीं होती। उन्होंने कहा कि आज में जो कुछ हूं अच्छी शिक्षा और कड़ी मेहनत के बदोलत ही हूं। शिक्षा के माध्यम से हम जीवन में हर मुकाम हासिल कर सकते है। माता-पिता बच्चों पर अनावश्यक दबाव न डालें। बच्चें जो भी कार्य करें, लक्ष्य बनाकर करेंगे तो अपने मुकाम तक अवश्य पहुचेंगे। उद्योग संगठन देवास के उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह खनुजा ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए भिविष्य में किस प्रकार आगे बड़ना है, इस संबंध में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि जीवन में हमें मेहनत करते रहना चाहिए। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष लघु उद्योग भारती समीर मुंदरा ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देवास में इस प्रकार का कार्यक्रम पहली बार हो रहा है। इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों को प्रोत्साहित करते हैं। यह कलेक्टर देवास की एक अच्छी पहल है, जिससे बच्चें प्रोत्साहित होकर परिवार, समाज और जिले का नाम रोशन करेंगे। सनफार्मा के सुरेन्द्र तुरीन ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चों को प्रेणादायी किताबें पढ़ते रहता चाहिए, जिससे जीवन में अग्रसर होने के लिए मोटिवेट हो। उन्होंने बताया कि कम्पाउंडिग इफेक्टस नामक पुस्तक का वर्णन किया, जोकि जीवन में हमें बहुत मोटिवेट करती है।

शिक्षा महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य विजय श्रीवास्तव ने बच्चों को बधाई दी और कहा कि इस प्रकार का कार्यक्रम जिला प्रशासन की ओर से पहली बार हो रहा है। जिसमें बच्चों को सम्मानित और प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके लिए कलेक्टर सर का बहुत-बहुत आभार। उन्होंने कहा कि आज शिक्षा के क्षेत्र में निम्न वर्ग और मध्यम वर्ग परिवार के बच्चें बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे है एवं ख्याति प्राप्त कर रहे है। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों को ज्ञानप्रद किताबें पढ़ना चाहिए एवं उसको अपनी लत बना लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जितना हम पढेंगे उतना हम आगे बढेंगे। कार्यक्रम में शिक्षक मनोज दुबे ने बेटी स्कूल जा रही हैं शीर्षक की कविता की सुंदर प्रस्तुती दी। शिक्षक शांतनु ने राष्ट्रीय गीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन अरविंद त्रिवेदी ने किया और आभार सुदेश सांगते ने माना। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी हरी सिंह भारती, सुधीर कुमार सोमानी, प्रकाश कांत, चंद्रावती जाधव, गिगआईटी से सागरिका, शिक्षकगण, टॉपर बच्चें एवं अभिभावकगण उपस्थित थे।

## बालगढ़ में गांव गैर माता पूजन का सफल आयोजन सम्पन्न प्रशासन का माना आभार



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

बालगढ़ में 12 वर्ष बाद गांव गैर माता पूजन का सफल आयोजन सम्पन्न हुआ।

गांव गैर माता पूजन में बाहर से आए मेहमानों, माता, बहनों, सभी बुजुर्ग एवं युवा साथी एवं क्षेत्र के समस्त गणमान्य नागरिकों, पुलिस प्रशासन ने सुचारु व्यवस्था बनाते हुए आयोजन को सम्पन्न किया। नगर निगम द्वारा जल व्यवस्था, लाइट व्यवस्था एवं सफाई का विशेष ध्यान रखा। विद्युत विभाग ने लगातार बिजली प्रदान की एवं हमारे बालगढ़ के श्री राम नवयुवक मंडल एवं मोदी मित्र मंडल के सभी कार्यकर्ताओं द्वारा पूरी व्यवस्था संभाले रखी। श्री राम मंदिर सेवा समिति बालगढ़ के माखनलाल पटेल ने जिला एवं पुलिस प्रशासन सहित तन-मन-धन से सहयोग करने वाले धार्मिक भक्तो का आभार माना।

**जेसीबी चालक ने की आत्महत्या** देवास। शहर में एक 21 वर्षीय जेसीबी चालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान जितेंद्र के रूप में हुई है। वह चंदाना मेंढकी रोड का रहने वाला था। सुबह जितेंद्र के भाई गोपाल ने उसे फांसी के फंदे पर लटका हुआ पाया। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।परिजनों ने बताया कि जितेंद्र की शादी करीब 8 महीने पहले हुई थी। घटना के समय उसकी पत्नी मायके गई हुई थी। उसके माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका था। परिवार में तीन भाई और दो बहनें हैं। बहनें विवाहित हैं और अपने-अपने ससुराल में रहती हैं।

## जल का संरक्षण आज की आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिला कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशन में एवं जिला शिक्षा अधिकारी हरिसिंह भारतीय के मार्गदर्शन में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं देवास ब्लॉक के अंतर्गत शासकीय उच्चतर विद्यालय क्षिप्रा, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 2, एवं शासकीय नारायण विद्या मंदिर क्रमांक 1 के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं ओर विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय देवास के स्टॉफ सदस्यों के द्वारा ग्राम हवन खेड़ी के क्षिप्रा नदी तट पर नदी स्वच्छता अभियान के प्रथम दिवस पर माँ क्षिप्रा नदी शुद्धीकरण कार्य किया गया। नदी तट की सफाई व कचरा निष्पादन का कार्य तीनों संकुल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओ के द्वारा किया गया। वरिष्ठ शिक्षक दुर्गाशंकर अग्रावत के द्वारा ग्राम हवन खेड़ी में माँ क्षिप्रा शुद्धीकरण अभियान में इस स्थान के प्राचीन काल के बारे में सभी को ऐतिहासिक जानकारी दी। तीनों संकुल विद्यालयों के प्राचार्य राजीव सूर्यवंशी सुधीर सोमानी, के के मिश्रा ने उक्त कार्यक्रम का नेतृत्व किया। उक्त स्वच्छता कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक कैलाश सोनी,माँ क्षिप्रा नदी बचाओ फांउडेशन के अध्यक्ष राजेश बराना प्रजापति, मिर्जा मुशाहिद बैग, नीलिमा शाह, अदिल पठान, अनुज जायसवाल ,प्रदीप भाटी, रेखा सिंह,बाबूलाल पटेल, रितेश कौशल, जितेंद्र मालवीय, राजकुमार पटेल, बाबूलाल पटेल , संतोष वर्मा , नीरज कानूनगो, शिवानंद गंगराड़े,अरविंद जोशी, ऋषिकेश पंड्या, लोकेश सांवलिया, मनोहर पटेल सुनीता मालवीय, विजय विश्वकर्मा रजनीश मतवारे, यशवंत दयाल, सहायक सचिव संजय सोनगरा, एवं तीनों संकुल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं स्टॉफ तथा समस्त ग्रामीण जन. उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन यशवंत दयाल,सरपंच प्रतिनिधि ने एवं घनश्याम चौधरी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## अवैध रूप से आहता संचालित कर शराब बेचने वालों पर की कार्रवाई


हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




एसपी पुनीत गेहलोद के द्वारा संगठित अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु सम्पूर्ण जिले में "ऑपरेशन प्रहार" प्रारंभ किया गया है जिसके अंतर्गत अवैध शराब संबंधी अपराध में संलिप्त बदमाशों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जा रही है । इसी क्रम में शनिवार को थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुई कि गीता श्री ढाबा,रसूलपुर बायपास,देवास पर अवैध रूप से शराब विक्रय किया जा रहा है और ढाबे पर ही आहता संचालित कर लोगों को शराब परोसी जा रही है, जिस पर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक दीशेष अग्रवाल के निर्देशन में तत्काल थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र शशिकांत चौरसिया द्वारा मय फोर्स के मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान पर दबिश दी गई। पुलिस द्वारा मौके से ढाबा संचालक रमेश पिता बाबूलाल चावला उम्र 49 वर्ष एवं कर्मचारी शेखर पिता बनेसिंह चौहान उम्र 22 वर्ष निवासीगण पालीवाल कॉलोनी स्टेशन रोड देवास को गिरफ्तार किया गया एवं उनके कब्जे से कुल 17 लीटर अवैध शराब (पावर 10000 बियर की 15 बोतलें,बोल्ट बियर की 1 बोतल एवं देशी प्लेन शराब के 50 क्वार्टर) कुल कीमत लगभग 5740/- को जप्त किया जाकर आरोपियो के विरूद्ध थाना औद्योगिक क्षेत्र में अपराध क्रमांक 437/2025 धारा 34(1),36(सी) का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

### थाना कांटाफोड़, कन्नौद और बरोठा पुलिस ने संवेदनशील व व्यस्ततम इलाक़ों में लगवाए कैमरे

# ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत मिला जनसहयोग, किया सम्मान





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

प्रदेश के मुखिया मोहन यादव की मंशानुरूप एवं पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक उज्जैन ज़ोन उमेश जोगा एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक उज्जैन रेंज नवनीत भसीन द्वारा अपराधों की रोकथाम एवं उनके त्वरित निराकरण को सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से अधिक से अधिक सीसीटीव्ही कैमरा स्थापित करने हेतु सभी जिला पुलिस इकाइयों को निर्देशित किया गया है ।इसी तारतम्य में जिला देवास में पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के द्वारा "ऑपरेशन त्रिनेत्रम" प्रारंभ किया गया है,जिसके अंतर्गत जिला पुलिस द्वारा लगातार जिलेवासियों को स्वेच्छापूर्वक अधिक से अधिक सीसीटीव्ही कैमरा स्थापित करने हेतु अभिप्रेरित किया जा रहा है । पुलिस कप्तान के नेतृत्व में सभी थाना प्रभारी एवं एसडीओपी गली-मोहल्ला-गाँव-क़स्बे में लगातार भ्रमण कर आम जनता,व्यापारी वर्ग,स्थानीय जन-प्रतिनिधि एवं ग्रामीण तथा नगरीय निकायों को सीसीटीव्ही कैमरा की महत्ता के बारे में समझाइश देकर ज्यादा से ज्यादा कैमरा स्थापित करने हेतु अभिप्रेरित कर रहे हैं।

इसी अनुक्रम में शुक्रवार को उप पुलिस अधीक्षक संजय शर्मा,अनुविभागीय अधिकारी बागली सृष्टि भार्गव, अनुविभागीय अधिकारी कन्नौद आदित्य तिवारी, थाना प्रभारी कांटाफोड़ सुरेखा निम्बोदा,थाना प्रभारी कन्नौद तहजीब काजी,थाना प्रभारी बरोठा अजय गुर्जर के उल्लेखनीय अभिप्रेरण पर थाना क्षेत्र के क्रमशः ग्राम भैंसुन,मेहदूल,खातेगांव रोड़ कन्नौद,पटाड़ी एवं सिरोल्या अन्तर्गत कुल 35 नवीन सीसीटीव्ही कैमरे स्थापित किए गए है । सीसीटीव्ही कैमरे लगवा कर पुलिस कार्यप्रणाली में अहम सारथी बनने पर कैलाश मीणा, शेखर जाट, दिलीप बेनवाल, ब्रजलाल बातडा, सतिश शर्मा, सतिश पिपलोदिया, संदीप सावरकर, दिनेश चौधरी को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया ।पुलिस कप्तान ने बताया कि "सीसीटीव्ही कैमरा" जहाँ एक तरफ़ अपराधियों पर अंकुश लगाते हैं,वहीं दूसरी तरफ़ किसी अपराध के घटित होने के उपरांत अपराधियों की त्वरित पहचान में भी बड़ी मदद करते हैं। इसी के साथ सीसीटीव्ही फुटेज, पुलिस विवेचना में अहम साक्ष्य बनते हैं जिनके आधार पर न्यायालय से अपराधियों को कठोरतम दंड दिलाने में भी पुलिस को मदद मिलती है । थाना कांटाफोड़,थाना कन्नौद एवं थाना बरोठा पुलिस के क्रमशः ग्राम भैंसुन,मेहदूल,खातेगांव रोड़ कन्नौद,पटाड़ी एवं सिरोल्या अन्तर्गत क्षेत्रवासियों द्वारा सीसीटीव्ही कैमरे लगाने का यह प्रयास जिले के नागरिकों को "ऑपरेशन त्रिनेत्रम" के तहत और अधिक कैमरा लगाने हेतु प्रेरित करेगा । पुलिस अधीक्षक श्री पुनीत गेहलोद के अनुसार "ऑपरेशन त्रिनेत्रम" की ख़ास बात यह है कि जिला पुलिस के अभिप्रेरण उपरांत स्वयं जिलेवासियों द्वारा अधिक से अधिक संख्या में सीसीटीव्ही कैमरा लगवाने हेतु पुलिस को सहयोग प्रदान किया जा रहा है । सीसीटीव्ही कैमरा का स्थान स्थानीय पुलिस द्वारा किए गए "सुरक्षा-ऑडिट" के आधार पर निर्धारित किया जा रहा है,उक्त सुरक्षा ऑडिट में महिलाओं/बच्चियों के साथ होने वाली छेड़छाड़ की जगहों,चोरी नक़बज़नी के संवेदनशील क्षेत्रों,व्यस्ततम इलाक़ों जैसे बस स्टैंड/सराफ़ा बाज़ार आदि को वैज्ञानिक ढंग से चिह्नित किया गया है ।

साथ ही उक्त समस्त सीसीटीव्ही कैमरा को एक नेटवर्क में जोड़ते हुवे उसका लाइव फीड भी स्थानीय थाना पर दिया जा रहा है जहां से पुलिसकर्मियों के द्वारा सतत निगाह गाँव/क़स्बों में रखी जा रही है । इस अभियान को अपने शुरुआती दिनों में ही स्थानीय जनता का बेहद सकारात्मक सहयोग प्राप्त हो रहा है ।उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक देवास के नेतृत्व में जिला देवास में 1 नबम्बर 2024 से प्रारंभ किए गए "ऑपरेशन त्रिनेत्रम-एक कैमरा जिला की सुरक्षा के नाम" के तहत अब तक जिला में कुल 2962 सीसीटीव्ही कैमरा स्थापित किए जा चुके हैं।

## श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा का किया जा रहा आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

श्री अंबिका मंदिर करनावद प्रांगण में पंडित श्रीधरजी पौराणिक एवं नाथीदेवी पौराणिक के वंशजों द्वारा 10 दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में व्यास पीठ से पंडित अजय नरेंद्र व्यास देवी के सुंदर-सुंदर चरित्रों का भावपूर्ण वर्णन कर रहे हैं। आसपास के ग्रामों से आए सैकड़ों भक्तजनों की उपस्थिति ने इस धार्मिक कार्यक्रम को और भी भव्य बना दिया है। देवी भक्त मंडल करनावद के द्वारा आने वाले अतिथियों का सम्मान भावपूर्वक किया जा रहा है।इस कार्यक्रम में वंश प्रतिनिधि के रूप में सीमा संजय पौराणिक और रजनी अजय पौराणिक श्रद्धा और समर्पण भाव से अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं। देवी के भजनों पर मात्र शक्तियों द्वारा किए गए नृत्य भक्तजनों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। यह आयोजन मां अंबिका की कृपा, सुख-शांति, और आध्यात्मिक उन्नति के उद्देश्य से किया गया है। कार्यक्रम ने स्थानीय लोगों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों में भी भक्तिभाव का वातावरण उत्पन्न कर दिया है। आयोजकों और भक्त मंडल की सराहनीय भागीदारी से यह धार्मिक अनुष्ठान अत्यंत सफल और प्रेरणादायक बन रहा है।

## खबर संक्षेप

### गड्ढों में गिरने से बचाने के लिए लगाए पेड़

**आष्टा।** सड़क पर गड्ढों की गहराई में वाहन चालक गिरे नहीं, इसलिए लिए लोगों ने उसमें पौधे लगा दिए। नजारा पुराने भोपाल-इंदौर हाइवे का किलेरामा से लेकर दरगाह तक का है। इस डेढ़ किमी का हिस्सा पीडब्ल्यूडी के अधीन आता है, जबकि 1200 मीटर नपा के। लेकिन दोनों विभागों के बीच सड़क की मरम्मत नहीं हो सकी है। जबकि ये मार्ग 24 घंटे चलता है।

### 4 महीने से अंधेरे में आधा गांव

**आष्टा।** मौसम बदलने से शहर और गांवों में बिजली बार-बार जा रही है। इसी बीच विकासखंड के बड़ोदिया गाड़री गांव में पिछले चार महीने से ट्रांसफार्मर नहीं लगा है। गांव की आधी आबादी अंधेरे में रह रही है। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली कंपनी का बकाया भी चुका दिया है। फिर भी कोई सुनवाई नहीं हो रही। गांव के गंज मोहल्ले का ट्रांसफार्मर चार महीने पहले जल गया था। डेढ़ महीने पहले बिजली कंपनी उसे उतारकर ले गई। अब तक नया ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया। भीषण गर्मी में लोग बिना बिजली के परेशान हैं। पूर्व सरपंच प्रेम नारायण वर्मा ने बताया कि विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर से मिलकर शिकायत की गई थी। विधायक ने बिजली कंपनी को लिखित में भी दिया। इसके बाद भी अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे। ग्रामीणों ने बताया कि बार-बार 25 केवी का ट्रांसफार्मर लगाया जा रहा है, जो जल जाता है। जबकि जरूरत 63 केवी के ट्रांसफार्मर की है।

### गंगा और गाय सेवा पुण्य का कामः कुशवाह

**आष्टा।** मां पार्वती धाम गोशाला में स्वर्गीय मांगीलाल साहू की स्मृति में उनके परिवार ने भूसा दान कर गो सेवा की। उनके पुत्र राजकुमार साहू और जितेन्द्र साहू ने गोशाला को 5100 रुपए की राशि भेंट की। इस अवसर पर गोशाला के गो सेवकों ने कहा कि गाय, गंगा, गीता और गायत्री हमारी संस्कृति के प्रतीक हैं। गाय का दूध तन-मन को पुष्ट करता है। गंगा तन को निर्मल करती है। गायत्री मंत्र सूर्य की उपासना का मंत्र है। गीता जीवन जीने की कला सिखाती है। जो व्यक्ति भोजन से पहले गाय को ग्रास अर्पित करता है और शांत भाव से सेवा करता है, वह पुण्य का भागी बनता है। गोशाला के अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह ने साहू परिवार के प्रति आभार जताया। कई वर्षों से नगर और आसपास के दानदाताओं की सेवा भावना से संचालित हो रही है।

### नपा ने लोक अदालत में वसूली 8 लाख 43 हजार रुपए की बकाया राशि

# कर की राशि से ही प्रदेश, जिला और नगर में होते हैं विकास कार्यः मेवाड़ा

अदालत परिसर में लोक अदालत का हुआ आयोजन। जिसमे जलकर, संपत्ति कर, समेकितकर आदि की बकाया राशि वसूली।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



स्थानीय अदालत परिसर में लोक अदालत का आयोजन हुआ, जिसमें नगरपालिका द्वारा कैंप लगाकर नगर के बकायादारों को पूर्व में नोटिस देकर निकाय की जलकर, संपत्ति कर, समेकितकर आदि की बकाया राशि वसूली गई। कैंप का शुभारंभ नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, सीएमओ राजेश सक्सेना, पार्षद रवि शर्मा, डॉ. सलीम खान, अवनीश पिपलोदिया की उपस्थिति में किया गया।

नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा लोक अदालत में निकाय की बकाया जलकर, संपत्तिकर जमा करने आए बकायादारों से आग्रह करते हुए कहा कि निकाय की बकाया राशि समय रहते जमा करावें, क्योंकि आपके द्वारा जमा की जाने वाली करों की राशि से ही नगर का विकास होता है, वहीं मूलभूत आवश्यकओं व सुविधाओं को उपलब्ध भी निकाय आपके द्वारा जमा कराई जाने वाली राशि से ही कराती है। आप सभी प्रत्येक माह अपने नलकर एवं संपत्तिकर की राशि जमा करावें, ताकि आपके ऊपर भी भार न हो और आपके द्वारा जमा कराई जाने वाली राशि से नगरपालिका और अधिक तेजी से नगर का विकास कर सकें। नपा ने वसूली 7 लाख 42 हजार रूपये से अधिक की बकाया राशि - नपा की बकाया राशि वसूल करने के लिए जहां नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने नागरिकों से सोशल मीडिया के माध्यम से बकाया जमा करने की अपील की, वहीं मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना द्वारा अपने अधिनस्थ अमले को साथ लेकर मुनादी के साथ-साथ नागरिकों से बकाया जमा करने हेतु द्वार-द्वार पहुंचकर आग्रह किया गया। सीएमओ श्री सक्सेना द्वारा वार्डवार 5 सदस्यी टीम गठित की गई जिसमें एक-एक दल प्रभारी व गठित टीम से सुचारू रूप से काम कराने के लिए एक-एक नोडल नियुक्त किया गया। सीएमओ श्री सक्सेना ने जानकारी देते हुए बताया कि लोक अदालत के माध्यम से नगर के बकायादारों से संपत्तिकर, जलकर, समेकितकर, दुकान किराया की लगभग 7 लाख 42 हजार 817 रूपये की बकाया राशि वसूली गई है। सीएमओ राजेश सक्सेना ने राजस्व अमले की सराहना करते हुए कहा कि इसी प्रकार निकाय को मजबूत करने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करते रहे। वसूली कार्य में नपा की राजस्व टीम सहित अन्य कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

# लोक अदालत में राजीनामा कर 181 प्रकरणों का हुआ निराकरण

## 95 पक्षकारगण को 10 लाख 61 हजार 974 का हुआ लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



न्यायालय परिसर, आष्टा में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार दिनांक 10 मई को नेशनल लोक अदालत में सर्वप्रथम मॉ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष तहसील विधिक सेवा समिति, आष्टा की अध्यक्ष / जिला न्यायाधीश, विजय डांगी एवं महेश कुमार चौहान न्यायाधीश न्यायाधीश नदीम जावेद खान, न्यायाधीश मती ऋचा शर्मा, मती ऋचा जैन, भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक अरूण सिन्हा, भारतीय स्टेट बैंक, कन्नौद रोड, कोठरी प्रबंधक रिंकू मुजालदार प्रबंधक मनोज वायकर मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड के उपमहाप्रबंधक रमेश सिंह अधिवक्ता संघ अध्यक्ष कृपाल सिंह ठाकुर, अधिवक्तागण एवं कर्मचारीगण ने माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर नेशनल लोक अदालत का प्रारंभ किया गया। एडवोकेट धीरज धारवां ने न्यायाधीश विजय डांगी, न्यायाधीश महेश कुमार चौहान, न्यायाधीश नदीम जावेद खान, न्यायाधीश ऋचा जैन, न्यायाधीश ऋचा शर्मा द्वारा मिट्टी के सकोरे बंटवाये तथा न्यायाधीशगण ने लोक अदालत में आए पक्षकारों को अपने नागरिक कर्तव्यों के प्रति उत्प्रेरित करते हुए कहा कि गर्मी की शुरूआत हो चुकी है, सभी नागरिक गण अपने-अपने घरों पर खाली स्थान पर पक्षियों के लिए सकोरे अवश्य रखे, ताकि पक्षी इस भीषण गर्मी में अपनी प्यास बुझा सके। लंबित प्रकरणों में न्यायाधीश महेश कुमार चौहान के द्वारा कुल विद्युत प्रीलिटिगेशन के 181 प्रकरण निराकरण के लिए रखे गए थे। जिसमें से राजीनामा अनुसार कुल 181 प्रकरणों का निराकरण हुआ। जिसमें 95 पक्षकारगण को 10,61,974/- रूपये का लाभ हुआ। न्यायालय के कुल 38 प्रकरण रखे गए थे जिनमें से 38 प्रकरणों निराकरण हुआ जिसमें 95 पक्षकारो को 10,61,974/- रूपये का लाभ हुआ। न्यायाधीश विजय डांगी के न्यायालय में 168 प्रकरण निराकरण हेतु रखे गए थे जिसमें से 06 प्रकरण निराकृत हुए तथा 20 पक्षकारगण को 12,88,590/- रूपये का लाभ प्राप्त हुआ। इसी प्रकार न्यायाधीश नदीम जावेद खान के न्यायालय में बैंक प्रीलिटिगेशन के कुल 03 प्रकरण जिसमें से 03 का निराकरण हुआ और 03 पक्षकारगण को 1,50,000/-रूपये राशि राजीनामा अनुसार जमा करायी गई एवं न्यायालय के कुल 51 प्रकरण निराकरण हेतु रखे गए थे जिसमें ने 51 प्रकरणों का निराकरण हुआ।

जिसमें 128 पक्षकार 63,99,570/- रूपये लाभान्वित हुए। न्यायाधीश मती ऋचा शर्मा के न्यायालय में 42 प्रकरण निराकरण हेतु रखे गए थे जिसमें से 22 प्रकरण निराकृत हुए तथा 63 पक्षकारगण को 25,05,000/- रूपये का लाभ प्राप्त हुआ। न्यायाधीश मती ऋचा जैन के न्यायालय में प्रीलिटिगेशन के सम्पत्तिकर/जलकर के कुल 95 प्रकरणों का निराकरण हुआ जिसमें 95 पक्षकारगण4,70,431/- रूपये जमा कराये गये एवं न्यायालय के कुल 1048 प्रकरण निराकरण हेतु रखे गए थे जिसमें से 45 प्रकरण निराकृत हुए तथा 121 पक्षकारगण को 2398486 रूपये का लाभ प्राप्त हुआ।

# भगवान भोलेनाथ का पूजन-अभिषेक कर किया जलमग्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के सीवन तट पर हनुमान मंदिर गोपालधाम में शिव प्रदोष सेवा समिति के तत्वाधान में एक माह तक आयोजित होने वाले शिव शक्ति दिव्य अनुष्ठान वैशाख महापर्व का आयोजन किया जा रहा है। महापर्व के अंतर्गत शनिवार को सुबह 108 मटकों के पवित्र जल से भगवान शिव का पंचामृत से अभिषेक हुआ और उसके बाद उन्हें जलमग्न किया गया। भगवान भोलेनाथ ने जो हलाहल विष पिया था उससे ठंडक दिलाने और इस भीषण गर्मी से निजात दिलाने के लिए वैसाख मास की पूर्णिमा में उन्हें जलमग्न किया जाता है।

12 मई को करीब 1008 मटकों के जल से भगवान का दूध, दही, शहद, केसर और अन्य 108 पदार्थ से सहस्त्रधारा अभिषेक कर कन्या भोज महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। शनिवार की सुबह कथा व्यास पंडित राघव मिश्रा, पंडित कुणाल व्यास, मनोज दीक्षित मामा, गोपालधाम हनुमान मंदिर के व्यवस्थापक मनीष ठाकुर, गोपाल ठाकुर सहित अन्य के द्वारा यहां पर गोपाल मानस मंडल के तत्वाधान में दो दिवसीय अखंड रामायण का विधि-विधान से शुभारंभ किया। रविवार को अखंड रामायण का विश्राम किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए समिति की ओर से मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि कथा व्यास पंडित मिश्रा का एक दिवसीय सत्संग का आयोजन गोपालधाम पर किया गया था। उन्होंने कहाकि यह बड़े ही सौभाग्य का विषय है कि मंदिर परिसर में अखंड रामायण किया जा रहा है। वहीं वैशाख महापर्व पर भगवान शिव का अभिषेक के साथ देवी शक्ति की पूजा अर्चना की जा रही है। उन्होंने समिति और गोपाल धाम मानस मंडल को संबोधित करते हुए कहाकि रामायण मनुष्य जीवन के लिए एक अमूल्य मार्गदर्शक है। यह हमें सदाचार, कर्म, कर्तव्य, मर्यादा, भक्ति, विश्वास, सत्य और न्याय जैसे मूल्यों का पालन करने की प्रेरणा देती है। रामायण के आदर्श चरित्र और शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं और हमें एक बेहतर जीवन जीने में सहायता करती हैं।

इधर गोपालधाम के व्यवस्थापक श्री ठाकुर ने कहा कि रामचरित्र मानस हमारे लिए मार्गदर्शक है भक्त के जीवन में जो प्राप्त शरीर है, वह भी आराध्य को पाने का उपादान होने के कारण पूज्य हो जाता है। संसार में भी किसी व्यक्ति के सहयोग से यदि हमें कुछ विशेष उपलब्धि हो गई हो तो हम जीवन भर उसके कृतज्ञ रहते हैं, उसी प्रकार काकभुशुंडि जी कह रहे हैं कि शरीर मिथ्या तो तब होगा, जब इसका उद्देश्य भोगों की प्राप्ति हो, पर जब वही शरीर भगवत्प्राप्ति का साधन बन जाए तो वह अपने अभीष्ट को पाकर धन्य हो जाता है। प्रमाण रूप में वे अपना अनुभव प्रस्तुत करते हुए कहते हैं कि मैंने मनुष्य शरीर में रहते ही भगवान शिव की कृपा से धन्यता प्राप्त की थी, पर जो कृपालु शिव जिन बालक राम को अपने हृदय में धारण करते हैं, उनको ही मैंने अपना ईश्वर माना है। वह कहते हैं, मेरे इस भाव परिवर्तन से मेरे परमकृपालु सदाशिव विश्वनाथ मुझ पर और भी अधिक प्रसन्न हो गए। उन्हें लगा कि मेरे इस भक्त (काकभुशुंडि) का प्रवेश मेरे हृदय में हो गया है और इसने देख लिया कि मेरे इष्ट तो बालक राम हैं, जो अयोध्या में दशरथ के अजिर में मालपुआ लेकर घूमते रहते हैं।

काकभुशुंडि जी हमें और आपको यह बताना चाहते हैं कि जब उन्होंने कौआ होकर भी भगवान को पा लिया तो हम लोगों के भाग्य के लिए तो शब्द ही नहीं हैं। प्रभु श्रीरामचंद्र जी ने स्वयं भी समस्त चराचर के कल्याण के लिए मनुष्य का ही शरीर धारण कर लिया है। वे कहते हैं कि इस शरीर को पाने का मात्र एक ही लाभ है कि व्यक्ति भगवान का भजन करे। भक्त काकभुशुंडि ने मनुष्य शरीर से भजन करने के प्रताप और फल को बताते हुए कहा कि ज्ञानी ऋषि लोमश ने मेरे अंदर भक्ति के प्रति पक्षपात देखकर भले ही मुझे अपनी दृष्टि से कौआ बनने का शाप दिया था, पर वह मेरे लिए वरदान हो गया।

# हेनरी ड्नॉट के किए कार्यों को याद कर मनाया रेडक्रॉस दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

विश्व रेड क्रॉस दिवस के पर रेड क्रॉस सोसाइटी के जनक सर हेनरी डुनांट का जन्म दिवस मनाया। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें रेड क्रॉस सोसाइटी के जनक सर हेनरी डुनांट की तस्वीर पर माल्यार्पण कर वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला और उनकी मानवता को लेकर किए गए कार्यों को याद किया। इस अवसर पर सुरेश चंद्र वशिष्ठ, रीना खत्री, डॉ. ओम प्रकाश मेवाड़ा, भारत सोनी, शैलेन्द्र सिंह चंदेल, डॉ. गगन नामदेव, जीतेन्द्र खत्री, डॉ. मनोज सक्सेना, अर्जुन सोनी, कनीराम मालवीय, डॉ जी. के. दुबे, माधव सिंह यादव, डॉ. बी.सी.जैन आदि उपस्थित रहे।

# पंवार, क्षत्रिय समाज का गौरवशाली अतीत, हमें अपने पूर्वजों की तरह राष्ट्र निर्माण में भूमिका निभानी होगीः कैलाश परमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



राष्ट्रीय पवार क्षत्रिय महासभा की नव निर्वाचित कार्यकारणी आज राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदलाल चौधरी के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य कैलाश परमार से मिली। नवगठित कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी पंवार समाज के गौरवशाली अतीत की बुनियाद पर वर्तमान परिप्रेक्ष्य में समाजोत्थान और राष्ट्रसेवा के लिए समाज की भूमिका को मुखर करने हेतु संपर्क अभियान पर हैं । पूर्व नपाध्यक्ष तथा सीहोर जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कैलाश परमार ने राष्ट्रीय पंवार क्षत्रिय महासभा के नव नियुक्त अध्यक्ष नन्द लाल चौधरी,उपाध्यक्ष खिलेंद्र टेंभरे, महासचिव अर्पण बिसेन कोषाध्यक्ष दुलेन्द्र ठाकरे , भोपाल जोन अध्यक्ष गुरुवेश एडे एवम संरक्षक दुर्गा प्रसाद परमार आदि का साफे एवम फूल माला से स्वागत किया। इस अवसर पर कैलाश परमार ने कहा कि परमार पंवार समाज देश के कोने कोने में निवास करता है समाज बन्धु प्रगति शील कृषि कर्म में अग्रणी हैं । प्रतिस्पर्धा के इस युग में हमें अपने आराध्य पुरुष वीर विक्रमादित्य राजा भोज, प्रतापी राजा जगदेव , राजा मूंज आदि से प्रेरणा लेकर अन्य धर्मावलम्बियों तथा सनातन समाज के प्रत्येक वर्ग का सम्मान करते हुए अपने संगठन को मजबूत करना है। श्री परमार ने कहा कि राजा भोज ने मालवांचल में अपने पराक्रम, कुशल शासन प्रबन्ध और सृजनशीलता से धर्म संरक्षण , साहित्य रचना और वास्तुकला को भरपूर प्रोत्साहन दिया था । हमे भी बदले परिवेश में समाज की प्रतिभाओं को सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ते और बढ़ाते हुए पंवार समाज को आर्थिक और राजनीतिक दृष्टि से भी मजबूत करना होगा ।सभी पदाधिकारियों ने इन्ही विषयों पर श्री परमार से व्यापक चर्चा की ।इस मौके पर समाज का नाम रोशन करने वाली राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिभाओं के योगदान एवम उनका लाभ समाज को दिलाने पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर अधिवक्ता सुरेंद्र सिंह परमार, वीरेंद्र सिंह परमार, कृपालसिंह परमार तथा पल्लव प्रगति ने भी चर्चा में भाग लेते हुए सभी पदाधिकारियों को बधाई दी।

### ट्राइडेंट ह्यूमैनिटी फाउंडेशन द्वारा माना में लगाया स्वास्थ्य शिविर

# 136 से अधिक ग्रामीणों का किया स्वास्थ्य परीक्षण





हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

ट्राइडेंट ह्यूमैनिटी फाऊंडेशन एवं मधुबन अस्पताल के सौजन्य से माना,तालपुरा मैं एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें हेल्थ ऑन व्हील मोबाइल एम्बुलेंस परियोजना का शुभारंभ किया गया। उल्लेखनीय है कि ट्राइडेंट ग्रुप के चेयर मेन पद्मश्री राजिंदर गुप्ता,सीएसआर प्रमुख मधु गुप्ता के निर्देशन में इन स्वास्थ्य शिविरो का लगातार आयोजन किया जा रहा है शिविर में तालपुरा और मछली खो गांव के136से अधिक ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जहां अनुभवी चिकित्सकों द्वारा 58 ग्रामीणों के बीपी,शुगर और हीमोग्लोबिन की जांच के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधित परामर्श भी प्रदान किया गंभीर मामलों के लिए रेफरल और मोबाइल एंबुलेंस सेवाएं भी उपलब्ध रहीं शिविर में वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा बीपी,शुगर और हीमोग्लोबिन की जांच की गई और निशुल्क दवाएं भी दी गई इस मौके पर मधुबन अस्पताल के निदेशक डॉ सीए हैरिसन, अनुभवी चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ स्थानीय गांव के सरपंच, पंच उपस्थित रहे।

# कृषि उपज मंडी में आवक बढ़ी, 16 हजार क्विंटल आवक हुई दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर की कृषि उपज मंडी में मौसम साफ होने के साथ ही शादियों की कमी होने से जिंस की आवक में तेजी देखने को मिल रही है। जहां बुधवार को 15000 थी तो वहीं शुक्रवार को आवक में 1000 हजार क्विंटल की बढ़ोतरी होते हुए 16 हजार 875 क्विंटल की आवक दर्ज हुई। बता दें कि पिछले दो सप्ताह से नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में शादियों का सीजन होने की वजह से किसान मंडी में उपज बेचने नहीं आ रहे थें। इसके चलते 10 से लेकर 12 हजार क्विंटल पर ही आवक सिमट रही थी। वहीं पिछले एक सप्ताह से मौसम के बिगड़ने के कारण आंधी तूफान व बारिश का सिलसिला बना हुआ था। जो पिछले दो दिनों से थमने से आमजन के साथ किसानों ने भी राहत ली है।

यहीं वजह है कि अब मंडी में आवक में बढ़ोतरी फिर से शुरू होने लगी है। क्योंकि अब समर्थन केंद्र भी बंद हो गए हैं और किसानों को अपनी उपज मंडी में ही आकर बेचना पड़ेगी। गेहूं लोकवन 2785 से 2970, गेहूं सुजाता 3390 से 3730 के भाव बिका शुक्रवार को कृषि उपज मंडी में कुल आवक 16875 क्विंटल की रही। इस दौरान गेहूं लोकवन 2785 से 2970 गेहूं सुजाता 3390 से 3730 गेहूं पूर्णा 2820 से 3210 गेहूं मालवराज 2201 से 2520 गेहूं मिल 2460 से 2540 चना कांटा 4360 से 6000 चना मौसमी 5802 से 6700, सोयाबीन पीला 2200 से 4511, मसूर 5200 से 6301, चना सफेद 5800 से 8410, चना काटकू 5500 से 6800, राई 5342 से 5668, धनिया 6500 से 6500, मैथी 3491 से 3491, मक्का 1920 से 2030 के भाव बिका। वहीं प्याज 150 से 1170, लहसुन 1010 से 8400, आलू 1001 से 1280 कुल आवक 220 रही।

### आर्मी से रिटायर्ड 25 से अधिक पूर्व सैनिकों ने कलेक्टर को सौंपा पत्र

# जज्बा: कलेक्टर से बोले पूर्व सैनिक हम फिर से सेवा करने के लिए तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

आंतकियों द्वारा पहलगाम हमले के बाद भारत द्वारा शुरू की गई जवाबी कार्रवाई और वर्तमान आकस्मिक परिस्थितियों को देखते हुए जिले के पूर्व सैनिकों में फिर से देशभक्ति का जज्बा हिलोरे मार रहा है। यद्यपि देश में वर्तमान में आपात स्थिति जैसे कोई हालात नहीं हैं फिर भी अगर किसी तरह की कोई आपातकालीन स्थिति निर्मित होती है तो उससे निपटने आर्मी से सेवानिवृत्त हो चुके जिले के भूतपूर्व सैनिक फिर से बार्डर पर जाने एवं आवश्यकतानुसार उनकी सेवाएं लेने के लिए तैयार हैं।

इसी कड़ी में शनिवार दोपहर जिले के अनेकों पूर्व सैनिकों ने कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा से भेंट करते हुए अपना हस्ताक्षरित पत्र उन्हें सौंपा। पत्र में उल्लेख है कि देश में वर्तमान में जो हालात बने हुए हैं एवं पाकिस्तान से जो संघर्ष चल रहा है वह अतिगंभीर विषय है। इसी को देखते हुए राजगढ़ जिले के समस्त भूतपूर्व सैनिक आवश्यकतानुसार कहीं भी अपने सेवाएं पुनः देने की स्वीकृति प्रदान करते हैं। पत्र में उल्लेख है कि हम सभी पूर्व सैनिक आश्वस्त करते हैं कि हमारी सेवाओं की जब, जैसे और जहां भी आवश्यकता पड़ेगी उसके लिए पूरी निष्ठा के साथ सेवा देने का वचन देते हैं। जिला प्रशासन किन्हीं भी तरह के हालातों में उनकी सेवाओं का लाभ ले सकता है। सभी सैनिकों ने उक्त पत्र में अपने-अपने मोबाइल नंबर भी उपलब्ध करवाएं हैं ताकि मध्य रात्रि में भी आवश्यकता पड़ने पर उन्हें बुलाया जा सके।



#### देशभक्ति के जज्बे की जिलाधीश ने की सराहना

जिले के पूर्व सैनिकों द्वारा दिखाई गई इस देशभक्ति की कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा सराहना की गई। उन्होंने सभी पूर्व सैनिकों का आभार भी व्यक्त किया।

#### ये पूर्व सैनिक आए सामने

सेवानिवृत्ति उपरान्त भी देश के लिए मरने मिटने का जज्बा रखने वाले इन पूर्व सैनिकों में हिन्दू सिंह दांगी, विक्रम सिंह राजपूत, छगनलाल रूहेला, बाबूलाल दांगी, जीतमल परमार, पप्पू शर्मा, बनेसिंह तोमर, नंद सिंह, जलील खान, देवेंद्र सिंह, शिवपाल सिंह, हेमराज यादव, गोरधन यादव, श्री भागीरथ, मानसिंह यादव, सूरजमल दांगी, रामबाबू दांगी, सूरज दांगी, मूलसिंह, जयसिंह सहित अन्य शामिल हैं।

#### चौक-चौराहों पर भारत पाक संघर्ष की चर्चा

भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे इस संघष एवं युद्ध जैसी स्थितियों की हर चौक-चौराहे पर चर्चा होती देखी जा रही है। अधिकांश लोगों का कहना है कि इस बार भारत को आर-पार की लड़ाई लड़ते हुए आंतक का नामोनिशान ही खत्म कर देना चाहिए।

# सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

### जिला स्तरीय ईसीडेंट रिस्पांस समिति की बैठक में निर्णय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

वर्तमान आकस्मिक परिस्थितियों के दृष्टिगत जिला स्तरीय ईसीडेंट रिस्पांस समिति की बैठक कलक्टिर डॉ. गिरीश मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में किसी भी आपात स्थिति में जिले के नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्धे कराने एवं सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा गया कि आपात स्थितियों से निपटने के लिए जिले का सरकारी अमला पूरी तरह मुस्तैद रहे। आगामी आदेश तक अधिकारियों, कर्मचारियों का अवकाश स्थगित रहेगा। उन्होंने कहा कि जिले में सोशल मीडिया पर पैनी निगरानी रखी जा रही है। किसी भी तरह की भ्रामक अथवा आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आमजन से अपेक्षा है कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाली कोई पोस्टर शेयर न करें। बैठक में उन्होंने जिले में स्वास्थ्य, पेयजल, परिवहन, ईंधन, खाद्यान्न, पशु चिकित्सा, अग्निशमन व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था जैसी बुनियादी सुविधाओं की सुचारू उपलब्धता की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में दवाइंयों एवं अन्य उपचार सामग्री का पर्याप्त भंडारण रहे। एंबुलेंस सेवाएं 24 घंटे तत्पतर रहें। ऑक्सीजन सप्लाई की निर्बाध व्यवस्था हो एवं रक्तदाताओं की सूची भी अद्यतन रखी जाए।

#### सुरक्षा और संचार व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखने के निर्देश

बैठक में पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने कहा कि सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए जिला स्तर पर डिस्ट्रिक कमांड एवं कंट्रोल रूम 24 घंटे सक्रिय रहेगा। उन्होंने कहा कि समूचे जिले में वायरलेस से संदेशों का आदान-प्रदान की सुविधा भी सक्रिय रहेगी। पुलिस अधीक्षक ने जिले में एहतियातन फायर सेफ्टी के लिए आवश्यक इंतजाम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी कार्यालयों में सायबर सेनेटाइजेशन सुनिश्चित किया जाए।

### 31 खंडपीठों में सुलझे कई तरह के मामले

# अदालत ने जोड़ी पति-पत्नी के टूटे रिश्तों की डोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

न्यायालयों में सालों से लंबित राजानामा योग्य मामलों के सुलह समझौते के आधार पर निराकरण हेतु शनिवार को जिला न्यायालय सहित अधीनस्थ 31 अन्य खण्डपीठों में लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों में लंबित 1166 मामले राजीनामा माध्यम से निराकरण हेतु रखे गए। इसी प्रकार न्यायालय में प्रस्तुत होने के पूर्व की प्रकृति के 4097 मामले रखे गए।

सभी खंडपीठों में उपरोक्त मामलों में से अधिकांश का आपसी समझौते के आधार पर निराकरण करवाया गया। इस लोक अदालत ने जहां मारपीट, चेक बाउन्स, विद्युत चोरी, जलकर, संपत्तिकर सहित अन्य तरह के मामलों का निराकरण हुआ। वहीं गृह कलेश और पारिवारिक झगड़ों से जुड़े मामलों में भी हस्तक्षेप करते हुए टूटे हुए रिश्तों की डोर पुनः जोड़ी गई।



कुटुंब न्यायालय में एक केस ऐसा भी था जिसमें विवाह के महज डेढ़ वर्ष बाद से ही पति-पत्नी दोनों अलग रहने लगे थे। इस मामले में पीठासीन अधिकारी द्वारा संबंधित दंपत्ति को बुलवाते हुए उन्हें समझाईस दी गई और जीवन में तालमेल बनाकर साथ रहने की सलाह दी गई। इस पर दंपत्ति राजी हुए और दोनों ने एकमत होकर एक-दूसरे को माला पहनाते हुए फिर से न झगड़ने का संकल्प लिया। इसी तरह के एक अन्य मामले में भी कुटुंब न्यायालय ने पति-पत्नी के बीच समझौता करवाया।

### 10 दिवसीय प्रशिक्षण के बाद प्रमाणपत्र का किया वितरण




**सारंगपुर।** ट्रेनिंग पार्टनर इफ्टेल आईटी सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड ऊर्जा मंत्रालय अंतर्गत स्किल ट्रेनिंग पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना सोलर पीवी इंस्टॉलेशन हेल्पर कोर्स ट्रेनिंग के बाद सभी ट्रेनरों को शनिवार को प्रमाण पत्र दिया गया। उक्त जानकारी ट्रेनिंग सेंटर दिनेश बामनिया ने देते हुए कहा कि सोलर प्रशिक्षण को सफल बनाने में हितेश पाटोदिया, भावना मीणा, अभिषेक भारती, प्रियंका मीणा आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# मकान का गैस कटर से तोड़ा ताला, कबाड़ी के घर जेवरात सहित लाखों की नकदी चोरी

### डॉग स्कार्ड के साथ साइबर टीम ने किया स्थल निरीक्षण

**सारंगपुर।** नगर में लूट चोरी की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही हैं। चोरी और लूट करने वाले के हाथ अगर इंसान भी आ जाए तो उसे भी काल के गाल में समाना पड़ता है। विगत दिनों एक लूट में बुजुर्ग की हत्या हो गई थी। मामला उजागर हुआ ही था कि फिर से बीती रात नगर की डंडियावाडी के सुने मकान में अज्ञात लुटेरे पहुंच गए मकान मालिक धार्मिक यात्रा पर गए हुए थे। मकान मालिक के रिश्तेदार और पड़ोसी ने उक्त मकान का ताला टूटा हुआ देखा और पुलिस को सूचना दी, तथा मकान की तलाशी ली गई इस दौरान मकान मालिक से संपर्क भी किया गया। मकान मालिक के बताए अनुसार पुलिस ने एफआईआर दर्ज कराई फरियादी की और से पुलिस को बताया कि घर में रखे चांदी सोने के जेवरात लगभग 11 लाख एवं नगदी 4 लाख रुपए की चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गई है। उल्लेखनीय है कि चोर घर में रखे चांदी के जेवरात छोड़ गए सोना एवं नगदी लेकर रफूचक्कर हो गए। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस प्रशासन की और से जिले से डॉग स्कार्ड टिम के द्वारा भी स्थल निरीक्षण कराया गया। अभी तक चोरी की घटना में शामिल किसी भी आरोपी की शिनाख्त नहीं हो पाई है। वहीं थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा पुलिस टिम के साथ अपराधियों को गिरफ्तार करने में जुटी हुई हैं।



नगर के डंडियावाडी मोहल्ले में बीती रात शाकिर पिता शमशुद्दीन खान, लोहे वाले के नाम से उड़क है और उक्त व्यक्ति कबाड़ी का काम करता है। मोहल्ले में घनी आबादी के बीच उसका मकान है शाकिर परिवार सहित धार्मिक यात्रा पर जाने वालों को छोड़ने गया था। जैसे ही घटना की जानकारी लगी सारंगपुर आया और थाने जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई। अब देखना यह हैं कि उन लुटेरों तक स्थानीय पुलिस कब तक पहुंचती हैं। वैसे पुलिस का प्रयास रहता हैं कि सारंगपुर में अपराधों पर कड़ी नकेल रखी जाए फिर भी अपराधी पुलिस के साथ आंख मिचैली करने में बाज नहीं आ रहे हैं। नगर में कई प्रकार के अपराधों की सूचना चौराहों पर हो रही हैं क्या ऐसे में उन अपराधियों की जानकारी पुलिस तक नहीं पहुंच रही यह भी जांच का विषय है।

# दिवंगत संजय दांगी की स्मृति में आयोजित रक्तदान शिविर में 122 यूनिट रक्त संग्रहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

दिवंगत संजय दांगी की पुण्यतिथि के अवसर पर 10 मई को संजय रक्तदान समिति, ब्यावरा द्वारा अर्जुनाचार्य इंस्टिट्यूट, ब्यावरा में एक सफल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 122 यूनिट रक्त का संग्रहण किया गया।

इस शिविर में हमीदिया अस्पताल, भोपाल की ब्लड कलेक्शन टीम द्वारा 72 यूनिट रक्त तथा जिला अस्पताल, राजगढ़ की टीम द्वारा 50 यूनिट रक्त का संग्रहण किया गया। स्थानीय युवाओं, विद्यार्थियों एवं समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर इस पुनीत कार्य में अपनी भागीदारी निभाई। संजय रक्तदान समिति के सदस्यों ने बताया कि यह शिविर दिवंगत संजय दांगी की स्मृति में आयोजित किया गया, जिनका जीवन समाज सेवा को समर्पित था। समिति ने बताया कि हम शिक्षा के क्षेत्र में भी काम करेंगे और गरीब और निर्धन बच्चों की शिक्षा के लिए एक फंड तैयार कर रही जिसमें आने वाले वर्ष में शिक्षण सामग्री में सहयोग प्रदान करेगी। संस्था ने सभी रक्तदाताओं, सहयोगी संस्थाओं और चिकित्सकीय टीमों का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी नियमित रूप से ऐसे शिविर आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई।



# नेशनल लोक अदालत आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित नेशनल लोक अदालत का आयोजन न्यायालय परिसर में शनिवार को प्रातः 10.30 बजे किया गया। इस दौरान अपर सत्र न्यायाधीश राहुल सिंह व अपर सत्र न्यायाधीश चित्रेंद सिंह सोलंकी द्वारा मां सरस्वती व महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर लोक अदालत की शुरुआत की गई, साथ ही न्यायाधीश आकांक्षा कात्याल व अश्विनी गहलोत ने लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों को आपसी समझौते के आधार पर निराकरण किया गया, संपत्ति संबंधित विवाद, चेक बाउंस एवं मोटर दुर्घटना छतिपूर्ति दावा प्रकरण सहित विद्युत, जलकर, संपत्ति कर, ऋण वसूली, प्री लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया गया, इस अवसर पर न्यायालय के अधिवक्ता गण व न्यायालय के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे। लोक अदालत में कई प्रकरण सामने आए, जिनमें मुख्य चर्चा में आया 25 साल पहले हुई शादी में पति पत्नी का आपस में मनमुटाव, आचार विचार नहीं मिलने पर पिछले 4 सालो से अलग रह रहे संपत्ति को आपसी सहमति से राजीनामा करवाया गया और अपर सत्र न्यायाधीश राहुल सिंह के न्यायालय में उक्त केस को समाप्त कर पति पत्नी ने एक दूसरे को माला पहनाई गई जिस पर अपर सत्र न्यायाधीश राहुल सिंह ने दोनों को वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं देकर प्रकरण को समाप्त किया गया। वहीं न्यायालय में 66 क्रिमिनल, तलाक 2, अन्य 6 प्रकरणों का निराकरण किया गया जिसमे 24 लाख 55 हजार 5 सो 28 रुपए की वसूली हुई। वहीं नगर पालिका ने 68 हजार 1 सो 40 रुपए की वसूली तो दूसरी ओर विद्युत विभाग ने 22 लाख 12 हजार 1 सो 27 रुपए की वसूली की गई।

### रात्रि में चौपाल लगाकर ईकेवाईसी कार्य किया जा रहा



**जीरापुर।** शासन के निर्देशानुसार ई केवाईसी लक्ष्य पूरा करने के मूल उद्धेश्य से नगर परिषद ने नई पहल करते हुए रात्रि में चौपाल लगाकर ईकेवाईसी कार्य किया जा रहा है। जिससे लक्ष्य पुरा किया जा सके। इसी कड़ी में नगर परिषद जीरापुर द्वारा ई-केवाईसी करने हेतु वार्ड 11 गांधी बस्ती ओर वार्ड 15 अयोध्या बस्ती में दो स्थानों पर रात्रि में मोहल्ला चौपाल लगाकर इस कार्य को किया जा रहा है। इस कार्य को जिम्मेदार पुर्ण निर्वहन करते हुए मुख्य नपा अधिकारी हरिओम शर्मा द्वारा वार्डो में मोहल्ला चौपाल में मौके पर पहुंचकर निरीक्षण कर ई-केवाईसी कार्य के लिए जिन लोगों ने ई-केवाईसी नहीं करवाई उन्हें प्रेरित किया गया। सीएमओ हरीओम शर्मा ने बताया कि कुल ई-केवाईसी 25455 है तथा अभी तक 18192 कुल प्रतिशत 71.47, शेष 7218 ई केवाईसी को लेकर सोमवार तक के लिए 95: का लक्ष्य दिया गया है जो ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी मोहल्ला मोहल्ला में चैपाल लगाकर निर्धारित लक्ष्य को पूरा करेंगे।

### आधार कार्ड में छात्रा की जन्म तारीख भी बदली, लाडली लक्ष्मी योजना के लाभ से भी हुई बंचित

# आरटीई की राशि के लालच में स्कूल संचालक ने बिगाड़ दिया छात्रा का भविष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा /माचलपुर

जीरापुर जनपद के ग्राम बाडगांव के एक निजी स्कूल संचालक ने पैसों के लालच में मासूम छात्रा के भविष्य के साथ खिलबाड़ करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। गांव में स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल संचालक अर्जुन सिंह परमार ने आटीई की छात्रा के आधार कार्ड को अपडेट कराते हुए उस पर अपना स्वयं का नंबर चढ़वा दिया और उसकी जन्म तारीख भी बदलवा दी जिसके चलते छात्रा को लाडली लक्ष्मी जैसी योजना का लाभ भी नहीं मिल पर रहा है। छात्रा के पिता ने इस संबंध में कलेक्टर सहित कई जगह शिकायत की परंतु स्कूल संचालक पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उधर छात्रा की आगे की पढ़ाई भी बाधित हो रही है और उसे आरटीई की योजना का लाभ भी नहीं मिल पर रहा है। वहीं जीरापुर बीआरसी ने बाड़गांव में संचालित विवेकानंद मिडिल स्कूल की मान्यता रद्द करने की कार्रवाई के संकेत दिए हैं।

**बीआरसी जीरापुर बोले- स्कूल की मान्यता समाप्त के लिए जिला कार्यालय को लिखा**



स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल बाढ़गाँव
तह. जीरापुर जिला-राजगढ़ (म.प्र.)
रसीद नं. 916
नाम दिपीका परमार पिता श्री कमल सिंह
कक्षा 5वी माह मार्च

| क्र. | विवरण | रकम |
| --- | --- | --- |
| 1 | प्रवेश शुल्क | 5000 |
| 2 | शिक्षण शुल्क (10 माह) | |
| 3 | विज्ञान शुल्क | |
| 4 | क्रीड़ा शुल्क | |
| 5 | वाहन शुल्क | |
| 6 | टाई | |
| 7 | बेल्ट | |
| 8 | उत्सव शुल्क | |
| 9 | नामांकन शुल्क | |
| 10 | विलम्ब शुल्क | |
| 11 | बेज | |
| 12 | परीक्षा शुल्क | |
| 13 | अन्य | |
| | योग | 5000 |

रु. शब्दों में पांच हजार रुपये मात्र
हस्ताक्षरकर्ता

आधार
भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण
भारत सरकार
Unique Identification Authority of India
Government of India
नामांकन क्रम / Enrollment No.: 0820/53014/14302
To,
दीपिका परमार
Deepika Parmar
D/O: Kamal Singh Parmar
tahsil zirapur badgaon Badgaon
Machalpur Jirapur
Madhya Pradesh
9754923077
SB793030576FH
आपका आधार क्रमांक / Your Aadhaar No. :
6853 9641 4202
मेरा आधार, मेरी पहचान
DOB : 02/07/2011
Female
6853 9641 4202
मेरा आधार, मेरी पहचान

#### यह है पूरा मामला

2016 में दीपिका परमार का प्रवेश आरटीई के तहत बाडगांव के स्वामी विवेकानंद मिडिल स्कूल में हुआ परंतु 2018-19 में ही स्कूल संचालक अर्जुन सिंह परमार द्वारा आरटीई की राशि के लालच में छात्रा के आधार कार्ड का मोबाइल नंबर और जन्मतारीख बदलवा दी। उल्लेखनीय है कि उस समय बायोमेट्रिक्स एवं ओटीपी ऑप्शन से आरटीई की राशि निकाली जा सकती थी। इस जालसाजी का खुलासा तब हुआ जब छात्रा के पिता को आंगनबाड़ी से बुलावा आया जिसमें लाडली लक्ष्मी की राशि के लिए आधार कार्ड की आवश्यकता पड़ी तब पता चला ही उसके जन्मतारीख और मोबाइल नंबर दोनों बदल दिए गए हैं। इस तरह अर्जुन सिंह ने एक मासूम छात्रा और उसके परिवार के भविष्य पर ग्रहण लगाने का काम कर दिया है। इस पूरे मामले पर संचालक अर्जुन सिंह का कहना है कि उन्होने ऐसा नहीं किया और बात रही फीस की तो मैं वापस करने तैयार हूं।

#### संचालक ने कई बार करवाया आधार अपडेट

स्कूल संचालक अर्जुन सिंह परमार ने गलती को छुपाने के चलते कई बार छात्रा का आधार अपडेट करवाया जिसके चलते अब आधार अपडेशन की लिमिट की खत्म हो गई।

#### अंकसूची में भी जन्म तारीख में हैं गड़बड़ियां

दीपिका परमार जिसका स्कॉलर नंबर 318 पिता का कहना है कि स्कूल द्वारा जारी की गई कक्षा 1 से लेकर 4 तक की अंकसूची में जन्म तारीख को काटकर 28 अगस्त 2010 कर दिया गया है जबकि 5वी कक्षा की अंकसूची में उसी छात्रा की जन्मतारीख को 2 जुलाई 2011 कर दिया गया है और यही जन्म तारीख छात्रा दीपिका परमार के आधार कार्ड पर भी अंकित करवा दी गई है।

#### आरटीई के बाद भी ली गई फीस

स्वामी विवेकानंद मिडिल स्कूल बाडगांव के लालची संचालक द्वारा आरटीई की छात्रा होने के बाद भी उसके अविभावक से बकायदा फीस की गई जिसकी पावती भी उन्हें दी गई। इससे समझा जा सकता है कि शिक्षा विभाग की अनदेखी के चलते किस तरह छात्राओं का भविष्य चैपट किया जा रहा है।

**इनका कहना है...**

स्कूल की मान्यता को समाप्त करने के की कार्रवाई की जाएगी। इस तरह छात्राओं का भविष्य खतरे में नहीं डाला जाएगा।

**गजेन्द्र शर्मा,** बीआरसी जीरापुर



### राज्यमंत्री टेटवाल ने भारत मां के जयकारे के साथ सफाई करते हुए किया सेना का उत्साहवर्धन

**सारंगपुर।** मॉर्निंग वॉक के दौरान प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार विभाग गौतम टेटवाल ने झाड़ू थामकर एवं नगरीय निकाय कर्मचारियों के साथ सफाई करते हुए भारत मां के जयकारे से सेना का उत्साहवर्धन बढ़ाया। साथ ही वंदे मातरम् नारे के साथ साफ-सफाई की। इस दौरान राज्य मंत्री टेटवाल ने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ रखना हमारी जिम्मेदारी है। सभी स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी स्वच्छता पर ध्यान दे रहे हैं और जो जहां है वहां से सेना का उत्साह वर्धन कर सकता है। इस दौरान कई लोग मौजूद थे।